आरोप रेलवे रैक प्वाइंट में 5 से 10 टन तक अतिरिक्त भार लादने के आरोप

करोड़ों के चावल परिवहन में बड़ा खेल?

अनूपपुर, नवभारत 17 जून। मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के लिए किए जा रहे चावल परिवहन कार्य में कथित रूप से बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

अनूपपुर रेलवे रैक प्वाइंट से मुरैना जिले के लिए भेजे जा रहे हजारों क्विंटल चावल के परिवहन में वाहनों की निर्धारित क्षमता से अधिक भार लादने, खाद्यान्न सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने तथा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किए जाने के आरोप लगे हैं। यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच होती है और तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल परिवहन नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े खाद्यान्न की सुरक्षा और सरकारी संसाधनों के संरक्षण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करेगा।

26 हजार क्विंटल चावल परिवहन में गड़बड़ी

जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के विभिन्न बीओटी गोदाम दारसागर, अन्नपूर्णा वेयरहाउस कोतमा, रामजानकी वेयरहाउस वेंकटनगर तथा श्री शिवाय वेयरहाउस से लगभग 26 हजार क्विंटल चावल ट्रकों के माध्यम से अनूपपुर रेलवे रैक प्वाइंट पहुंचाया जा रहा है। यह परिवहन कार्य निगम के परिवहनकर्ता गायत्री ट्रांसपोर्ट कटनी द्वारा किया जा रहा है।

अनुबंध की शर्तों की अनदेखी?

सूत्रों के अनुसार खाद्यान्न परिवहन से संबंधित अनुबंध में स्पष्ट प्रावधान है कि परिवहन में लगाए जाने वाले वाहनों पर निर्धारित क्षमता से अधिक भार नहीं लादा जाएगा।

ओवरलोडिंग की स्थिति में दुर्घटना, माल क्षति तथा राजस्व हानि की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

खाद्यान्न सुरक्षा भी सवालों के घेरे में

मामले का दूसरा गंभीर पहलू खाद्यान्न सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि अनूपपुर रेलवे रैक प्वाइंट पर चावल की बोरियों को बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के खुले स्थान पर उतारा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रैक प्वाइंट पर एडवांस लोडिंग के लिए पर्याप्त प्लेटफॉर्म या संरक्षित भंडारण व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद हजारों बोरी चावल खुले आसमान के नीचे रखे जाने की बात सामने आई है।

इनका कहना है

मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नही है, अगर परिहवन कार्य में लगे ट्रक में ओव्हकर लोडिंग की जा रही है, तो इस संबंध में मै ठेकेदार से जानकारी लेती हूँ।

सीमा सिन्हा
प्रभारी प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम अनूपपुर

जानकारी मिली है, मेरे द्वारा कोतवाली पुलिस एवं यातायात विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

विक्रांत मुराब
पुलिस अधीक्षक अनूपपुर

अग्रवाल सभा के समर कैंप में सौरभ दुबे सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों को संस्कृत, संस्कृति और भारतीय संस्कारों का महत्व सिखाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए पं. सौरभ दुबे को अग्रसेन मंडपम, विजय नगर में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सदाचार, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और अच्छे संस्कार अपनाकर श्रेष्ठ नागरिक बनने तथा जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। उन्हें बताया गया कि ज्ञान और संस्कार का समन्वय ही व्यक्ति को सफल व समाजोपयोगी बनाता है। इस अवसर पर जबलपुर अग्रवाल सभा के संरक्षक कैलाश अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव रीतेश अग्रवाल, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, पूजा अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, के. के. अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, विनय केशरवानी अध्यक्ष केसरवानी समाज, संदीप जैन अध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण सहित समस्त अग्रवाल समाज उपस्थित रहा।

ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चालक घायल

एनएच-43 पर बदरा वन डिपो के पास हादसा

अनूपपुर, नवभारत 17 जून। जिले में बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर एक तेज रफ्तार ट्रक (ट्रेलर) का टायर फटने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनूपपुर-कोतमा मुख्य मार्ग पर बदरा वन डिपो के समीप अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार ट्रक के पीछे चल रही थी और ओवरटेक कर आगे निकल गई थी। इसी दौरान ट्रक का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू ट्रक ने सामने चल रही कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा भिड़ी। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चला रहे बदरा निवासी सूर्यभान तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय वाहन चालकों ने पीछा कर ट्रक को रोका

स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को लेकर मौके से भाग निकला। हालांकि कुछ स्थानीय वाहन चालकों ने ट्रक का पीछा कर उसे कोतमा के बंजारा चौराहे के पास रोक लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हितग्राहियों को मिला जनकल्याण शिविर का लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद, समस्याओं का किया गया निराकरण

कोतमा नवभारत 17 जून। नगर पालिका परिषद कोतमा के 'अटल कोतमा' परिसर में आज जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना और मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण करना था।

शिविर में नगर पालिका के संपूर्ण प्रशासनिक अमले के साथ-साथ विभिन्न वार्डों के पार्षद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका अमले ने नागरिकों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

एक ही छत के नीचे जुटे कई प्रमुख विभाग

आम जनता की सुविधा के लिए शिविर में शासन के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इसमें मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग इन सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य एवं आधार सुधार कैंप रहा आकर्षण का केंद्र

हितग्राहियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर परिसर में ही एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया था, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों को नए आधार कार्ड बनवाने और पुराने कार्डों में आवश्यक सुधार कराने की बेहतरीन सुविधा घर के पास ही मिल गई।

कछपुरा ब्रिज पर सिग्नल और डिवाइडर लगाने की मांग

नवभारत, जबलपुर। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने नगर निगम की जनसुनवाई में कछपुरा ब्रिज और आसपास के क्षेत्रों की यातायात एवं अतिक्रमण संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कछपुरा ब्रिज चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल, डिवाइडर निर्माण तथा सड़क सुरक्षा के स्थायी इंतजाम किए जाने की मांग की। व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हाल ही में क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में महिला की मृत्यु हो गई थी। उनका कहना है कि यदि चौराहे पर सिग्नल और डिवाइडर जैसी व्यवस्थाएं होतीं तो दुर्घटना को रोका जा सकता था। संघ ने आरोप लगाया कि कछपुरा ब्रिज के पैदल मार्गों और सड़क किनारे फल एवं सब्जी विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है।

महाकोशल कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

नवभारत, जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय द्वारा 'कॅरियर काउंसलिंग सत्र' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रुचि, योग्यता और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर कॅरियर चयन की सलाह दी। इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में कुल 43 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इतिहास के विद्यार्थी पुरातत्व, संग्रहालय व अभिलेखागार प्रबंधन, पर्यटन, शोध, शिक्षण, पत्रकारिता, प्रशासनिक सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में कॅरियर बना सकते हैं। वहीं प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि हिन्दी के माध्यम से साहित्य, पत्रकारिता, संपादन, अनुवाद, लेखन, प्रकाशन, विज्ञापन, जनसंपर्क, रेडियो और दूरदर्शन क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार के व्यापक अवसर हैं। एआई विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि आधुनिक युग में एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर विकास में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जहाँ कुशल युवाओं की मांग लगातार बढ़ेगी। वहीं डॉ. हेमंत तनकंपन ने वैश्विक संवाद के लिए अंग्रेजी का महत्व बताते हुए साहित्य, शिक्षण, अनुवाद, कॉर्पोरेट संचार, कंटेंट डेवलपमेंट, मीडिया, पर्यटन व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अवसर बताए।

एक नजर में

जनकल्याण शिविर से हितग्राहियों को मिला लाभ

राजनगर, नवभारत। नगर परिषद बनगवां राजनगर द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वृहद जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लिया। शिविर में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, श्रम, राजस्व सहित 22 से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। कई हितग्राहियों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

पूर्व विधानसभा में सांसद का विशेष जनसंपर्क अभियान

नवभारत, जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत पौधारोपण, जनचौपाल, व्यापारियों से संवाद, प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल एवं तिलक मंडल के विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ वंदना का संदेश दिया गया। वहीं विकास पथ यात्रा के दौरान महर्षि महेश योगी वार्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर हितग्राहियों से संवाद किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी साझा की।

जनेकृविवि में पहली बार एआई से छात्रों का चयन

नवभारत, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा और अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं हेतु कैंपस साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अनय रावत ने बताया कि महिको और स्टार एग्रीसीड्स कंपनियों द्वारा तीन चरणों में ऑनलाइन परीक्षा, एआई इंटरव्यू, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में लिए गए। इस कैंपस प्रक्रिया में जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, गंजबसौदा और पवारखेड़ा कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद महिको कंपनी में 03 छात्रों अनुश्री तिवारी, नवनीत हिडायु और सत्यम पाटिल का 4 लाख 65 हजार रुपए सालाना पैकेज पर चयन हुआ।

नृत्यांजलि की रंगमंचीय कार्यशाला का सफल समापन

नवभारत, जबलपुर। सांस्कृतिक संस्था नृत्यांजलि कथक केंद्र द्वारा आयोजित नौ दिवसीय रंगमंचीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में नगर के प्रमुख संस्कृतिकर्मी, लेखक व कलाकार भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन इलाहाबाद (प्रयागराज) के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं रंग-प्रशिक्षक प्रवीण शेखर ने किया। प्रवीण शेखर लंबे समय से रंगमंच, अभिनय प्रशिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं तथा देश के विभिन्न शहरों और ग्रामीण अंचलों में रंगमंच कार्यशालाओं का संचालन कर चुके हैं। नौ दिनों तक चले प्रशिक्षण में अभिनय, वाणी,

शारीरिक अभिव्यक्ति, एकाग्रता, कल्पनाशीलता, मंच अनुशासन, समूह निर्माण तथा विभिन्न रंगमंचीय खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को थिएटर की बुनियादी समझ विकसित करने का अवसर मिला। कविताओं के दृश्य भी तैयार किये गये जिसे आगे आने वाले समय मे मंच पर प्रस्तुत किया जायेगा। नृत्यांजलि की ओर से डॉ शैली धोपे ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षक प्रवीण शेखर तथा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत, जबलपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी के तत्वाधान में 51 से अधिक फलदार वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत आम, पीपल, नीम, जामुन, आंवला, बिही, गुलमोहर एवं सिंदूर औषधीय ,छायादार पौधों का रोपण मढिया तीर्थ में किया गया। कार्यक्रम में सी ए मनोज जैन एवम् मढिया जी तीर्थ के अध्यक्ष राजेंद्र जैन मम्मा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि मढ़िया जी तीर्थ कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड,रीजन सचिव हेमंत जैन, आलोक जैन

मौजूद रहे।

इस मौके पर संस्कारधानी ग्रुप के अध्यक्ष प्रदीप सुनीता लक्ष्मी, सचिव चित्रा सुनील घीया, , राजेंद्र साइकिल, अनुपम प्रतिभा, प्रदीप कमलेश, मंजु लता जैन, शरद जैन, अशोक सुनीता, स्नेह प्रवीण, अनिल सुनीता, चित्राघीया मंजुलता जैन मौजूद रहीं।

हसनी हुसैनी सोसायटी जबलपुर की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

नवभारत, जबलपुर। हसनी हुसैनी सोसायटी की जबलपुर जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष मो. सोहेल (मोनू) एवं प्रदेश सचिव शेख राजिक की अध्यक्षता में किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।घोषित कार्यकारिणी के अनुसार समीर अली (बाबा) को जिला अध्यक्ष, सैय्यद अशरफ अली एवं कैफ बंगाली (समर) को जिला उपाध्यक्ष, शेख अयाज़ को जिला सचिव, शाहरुख खान (अरमान) एवं निहाल अंसारी को जिला सहसचिव, अजहर खान को जिला कोषाध्यक्ष तथा नियाज़ अहमद को सोसायटी का जिला ब्लड बैंक प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मो. सोहेल (मोनू) एवं प्रदेश सचिव शेख राजिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाजसेवा और मानवता की भलाई के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे तथा वे सभी धर्मों और समाज के जरूरतमंद लोगों की ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ (मानव सेवा) के कार्यों को निरंतर अंजाम देते हुए हसनी हुसैनी सोसायटी को नई बुलंदियों तक पहुंचाएं।

इस्लामी नए साल का इस्तक़बाल

नवभारत, जबलपुर। इस्लामी नए साल के आगमन पर बज़्मे गुलशन-ए-मदीना, नया मोहल्ला के तत्वावधान में मंगलवार को हुसैन चौक पर नमाज़-ए-मग़रिब के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर बारगाह-ए-इमाम आली मुकाम में सलातो-सलाम पेश कर इस्लामी नए साल और देश में अमन, भाईचारे, तरक्की व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।

शवासन मुद्रा लोगों को योग, मानसिक स्वास्थ्य व जल संरक्षण का दिया संदेश

संत ने मड़फा तालाब में 2 घंटे किया शवासन

अनूपपुर, नवभारत 17 जून। चित्रकूट धाम के 72 वर्षीय योग साधक संत रामसखा पांडेय ने बुधवार को सामतपुर स्थित मड़फा तालाब में दो घंटे तक शवासन मुद्रा में रहकर लोगों को योग, मानसिक स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अनूठे योग प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग तालाब परिसर में एकत्रित हुए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संत रामसखा पांडेय ने सुबह 11 बजे पूजा-अर्चना के पश्चात मड़फा तालाब में प्रवेश किया और शवासन मुद्रा में लेट गए। ठीक दो घंटे बाद दोपहर 1 बजे वे तालाब से बाहर निकले। इस दौरान लोगों की

निगाहें लगातार उन पर टिकी रहीं और उनके योग साधना के प्रति उत्साह एवं जिज्ञासा देखने को मिली।

आपात स्थिति से निपटने एसडीईआरएफ की टीम तैनात रही

कार्यक्रम के दौरान किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीईआरएफ की टीम पूरी तैयारी के साथ मौके पर मौजूद रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अनूपपुर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, रेलवे कॉलोनी के पुजारी ब्रह्मानंद गर्ग ने जयघोष के साथ कराया। तालाब से बाहर आने पर पुजारी ब्रह्मानंद गर्ग ने संत रामसखा पांडेय को नारियल भेंट कर सम्मानित किया, जबकि नगर के नागरिक पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

योग संघर्ष की शक्ति प्रदान करता है

इस अवसर पर संत रामसखा पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में व्यक्ति तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में योग ही एक ऐसा माध्यम है जो तन और मन दोनों को संतुलित रखकर विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति, शारीरिक सुदृढ़ता तथा रोगों से बचाव संभव है।

कोयला परियोजना को मिली जनसमर्थन की ताकत

15 हजार ग्रामीणों की मौजूदगी में जनसुनवाई आयोजित

अनूपपुर, नवभारत। जिले की कोतमा तहसील में प्रस्तावित लामाटोला भूमिगत कोयला खदान परियोजना के लिए आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई बुधवार को व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न हुई। ग्राम पंचायत बसखली स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित इस जनसुनवाई में प्रभावित क्षेत्र के सात गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और कंपनी प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में करीब 1,500 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जहां अधिकांश ग्रामीणों ने परियोजना से क्षेत्र में रोजगार, आधारभूत सुविधाओं और आर्थिक विकास की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक राय व्यक्त की।

सात गांवों पर पड़ेगा परियोजना का प्रभाव

प्रस्तावित लामाटोला भूमिगत कोयला खदान परियोजना को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा अगस्त 2024 में वाणिज्यिक खनन के तहत प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से एसीसी लिमिटेड को आवंटित किया गया था। परियोजना का विस्तार कोतमा तहसील के लामाटोला, रेउला, गढ़ी, बिचारपुर, बसखली, मौहारी और थोड़ाहा गांवों सहित लगभग 1,030 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है। परियोजना शुरू होने से स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।